बौद्ध विहार शान्ति उपवन

संक्षिप्त परिचय

- बौद्ध अनुयायियों के अध्ययन, अनुसंधान एवं ठहरने के लिए बौद्ध विहार शान्तिज उपवनन को विकसित किया गया।

- यह स्थल (उपवन) वी0आई0पी0 रोड पर शारदा नगर के सामान्तर तथा शारदा नहर के दूसरे किनारे पर लगभग 1.2 किलोमीटर लम्बाई एवं 32.5 एकड़ (1,31,277 वर्गमीटर) क्षेत्रफल में विकसित किया गया है।

- मुख्य संकुल का प्रमुख आकर्षण गौतम बुद्ध की 18 फीट ऊंची सफेद संगमरमर की चहुमूखी प्रतिमा है, जिसके दानों ओर समान रू‍ से ब्रांज फाउण्टेन स्थापित किये गये हैं, जो 28 फीट ऊंचे तथा 24 फीट व्यास के हैं।

- शान्ति उपवन में 230 मीटर लम्बा भव्य गलियारा (कालोनेड) बनाया गया है।

मुख्य दर्शनीय स्थल

- **विहारा भवन–** अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए आने वाले प्रशिक्षुओं/बौद्ध भिक्षुओं के ठहरने के लिए तीन मंजिला ''विहारा भवन'' निर्मित किया गया है, जिसके भूतल पर एक बड़ा डायनिंग हाल एवं आधुनिक किचेन, प्रथम तल पर 02 डॉरमेट्री एवं कार्यालय तथा द्वितीय तल पर बौद्ध भिक्षुओं के ठहरने हेतु 16 कमरे निर्मित किये गये हैं।

- **पुस्तकालय स्वाध्याय भवन–** शान्ति उपवन में स्थापित किये गये भवन के भूतल पर एक आधुनिक पुस्तकालय निर्मित किया गया है, जिसमें लगभग 150 व्यक्तियों के बैठने एवं अध्ययन करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें लगभग 150 व्यक्तियों के बैठने एवं अध्ययन करने की व्यवस्था की गयी है।

- **साधना कक्ष–** बौद्ध विहार शान्ति उपवन में स्थित पुस्ताकालय स्वाध्याय भवन के द्वितीय त पर साधना कक्ष में भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित है एवं भगवान गौतम बुद्ध जी की साधना की अनेक तस्वीरें लगी हुई हैं। इस साधना कक्ष में बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा साधना की जाती है।

- **पार्क–** बौद्ध विहार शान्ति उपवन में लगभग 20 एकड़ में फैला एक विशान पार्क भी स्थापित है। इस पार्क में एक छोर पर फव्वारा तथा मध्य में सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वॉच टावर बनाये गये हैं। पार्क में मिट्टी के ऊँचे–ऊँचे टीलों पर हरी घास आच्छादित है ताि हरे–भरे फूलों की क्यारियों, सर्कुलर माउण्ड, मनोरम पर्यावरण व हरियाली को बढ़ाने वाली नयनाभिराम दृश्यावली दृष्टिगोचर होगी। दोनों ओर की चहारदीवारी के साथ–साथ फुटपाथ बनाये गये हैं तथा पाम वृक्षों की कतारें लगायी गयी है।।

पार्क में विभिन्न प्रजातियों एवं किस्मों की सब्जियों, फलों व फूलों को उत्पन्न करने के लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है। कानपुर रोड के साथ लगे भाग में प्लाजा निर्मित किया गया है, जिसमें सीढ़ियां, प्रसाधन व्यवस्था, वॉच टावन व फव्वारे हैं। आगन्तुकों के बैठने के लिए जगह–जगह ग्रेनाइट बेन्चें भी लगायी गयी है। परिसर को आलोकित रखने के लिए प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गयी है। इस परियोजना के अन्तर्गत नहर व सड़क के सौन्दर्यीकरण के कार्य भी कराये गये है।

कार्य संचालन हेतु विभिन्न जोनों का वर्णन

बौद्ध विहार शान्ति उपवन को 04 जोनों में बांटा गया है।

जोन–1 पार्किंग स्थल, ट्वायलेट ब्लॉ, विद्युत सब स्टेशन, भूमिगत जलाशय एवं गोल्फ कार्ट रूम, परिसर के सम्मुख कैनाल के ऊपर निर्मित पार्किंक एवं 02 गार्डरूम, 02 टिकटिंग बूथ, 02 वॉच टॉवर व उसके नीचे कक्ष, 02 गार्डरूम, 02 टिकटिंग बूथ, 02 वॉच टॉवर व उसके नीचे कक्ष, 02 ट्वायलेट ब्लॉक। मुख्य परिसर के समीप मुख्य प्रशासनिक कार्यालय व मुख्य स्टोर व स्टाफ कैन्टीन। परिसर की सभी बाउण्ड्रीवाल एवं बाहर चारों ओर बाउण्ड्रीवाल से गा हुआ फुटपाथ, बाउण्ड्रीवाल व कैनाल के बीच का क्षेत्र, परिसर के दोनों ओर बाउण्ड्रीवाल के बाहर लगी टावर, डा0 भीराव अम्बेडकर चौराहा, चौराहे पर लगी डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा, कानपुर रोड पर महात्मा गौतम बुद्ध की बैठी हुई मुद्रा में भवय मूर्ति व प्लाजा प्लेटफार्म।

जोन–2 परिसर में स्थापित 03 चौमुखी प्रतिमाएं एवं उसके आस–पास के कोलोनेट, 02 विशाल ब्रांज फाउण्टैन, प्रवेश द्वारा, विहारा भवन तथा उसके पीछे ग्रेनाइट प्लेटफार्म।

जोन–3 उपवन में स्थित ग्रीन पार्क का मुख्य परिसर से लगा हुआ आधा क्षेत्र, जिसमें 01 ब्रांज फाउण्टेन व 03 लॉन, पक्का फुटपाथ, जाली एवं ग्रेनाइट चबूतरे आदि।

जोन–4 ग्रीन पार्क का कानपुर रोड साइट में आधा क्षेत्र, जिसमें 01 सैण्ड स्टोन का फाउण्टेन, 02 ट्वायलेट ब्लॉक, 02 लॉन, 02 माउण्ड, 02 लम्बी हरित पट्‌टी, पक्का फुटपाथ, जाली एवं ग्रेनाइट चबूतरा आदि।

नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों का विवरण

1. सिविल/सैनिटेशन
2. विद्युत/यांत्रिक
3. जनसम्पर्क एवं टिकटिंग
4. कलाकृतियां
5. उद्यान

6. हाउस कीपिंग

- स्मारक में उपरोक्त विभागों के अन्तर्गत कुल 653 कार्मिक कार्यरत हैं।
- दिनांक 01.10.2011 से पार्क में टिकटिंग व्यवस्था लागू की गयी तथा दिनांक 27.04.2012 तक समिति को लगभग रू0 67,450/- की आय हुई।